# कार्यालय जिला पंचायत, सीतापुर।

पत्रॉक: —— 117 / मानचित्र / जि0पं0 / 2020–21 दिनॉक: 24/12/2020

आर0ए0वी0 ग्लोबल सोल्यूसन्स प्रा0लि0,
पता: 719 / ए तथा बी, 721 / ए तथा बी, सातॅवी मंजिल,
साइबर हाइट्स, इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान के सामने, विभूति खण्ड,
गोमती नगर, लखनऊ 226010 (उ0प्र0) भारत।
श्री विक्रम सिंह शिशौदिया पुत्र श्री यशवीर सिंह शिशौदिया
डायरेक्टर (आर0ए0वी0 ग्लोबल सोल्यूसन्स प्रा0लि0)
निवासी दौलतपुर ढीकरी, धौलाना, गाजियाबाद, उ0प्र0 245301।

आपके प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न ग्राम भैरमपुर, तहसील मिश्रिख, जिला–सीतापुर में स्थित गाटा सं0 1166क तथा 1226 / 2 पर व्यवसायिक भवन प्रस्तावित एक रिसोर्ट, रिवर कैसल (River castle) का निर्माण कराने हेतु व्यवसायिक मानचित्र की स्वीकृति सम्यक विचारोपरान्त जिला पंचायत, सीतापुर की भवन निर्माण उपविधि दिनॉक 27.12.2014 के उपबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है।

1. भू–खण्ड की सीमा से बाहर कोई निर्माण अनुमन्य नहीं होगा।
2. उपरोक्त स्वीकृति मानचित्र में अथवा निर्माण में किसी भी प्रकार का परिवर्तन एवॅ परिवर्धन बिना जिला पंचायत, सीतापुर की स्वीकृति के नहीं किया जायेगा।
3. किसी भी प्रकार के विवाद उत्पन्न होने पर जिला पंचायत, सीतापुर इसका उत्तरदायी नहीं होगा तथा न्यायिक क्षेत्राधिकार जिला एवॅ सत्र न्यायालय सीतापुर होगा।
4. स्वीकृत मानचित्र तथा परमिट किसी भी दशा में स्वामित्व अभिलेख के रूप में मान्य नहीं होगा तथा न ही इस रूप में प्रयुक्त किया जायेगा।
5. प्रस्तावित स्वीकृत मानचित्र संरचना के अनुरूप ही भूखण्ड का विकास कराया जायेगा। भविष्य में अतिरिक्त कार्य कराये जाने हेतु पुनः मानचित्र स्वीकृत करना अनिवार्य होगा।
6. स्वीकृत मानचित्र में प्रदर्शित क्षेत्रफल सार्वजनिक उपयोग की भूमि जैसे– चकमार्ग, नाली, तालाब, मरघट, चारागाह, व नवीन परती भूमि एवॅ सीतापुर की महायोजना / नगरीय क्षेत्र से आच्छादित भूमि यथा लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, अग्नि शमन विभाग, वन विभाग, रेलवे विभाग, व अन्य शासकीय व अर्धशासकीय विभाग की भूमि होने पर स्वीकृत मानचित्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
7. उपविधि के अनुसार निर्माण के दौरान भूखण्ड के प्रत्येक 300 वर्ग मीटर के भू–आच्छादन पर एक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा प्रत्येक 1000 वर्ग मीटर के आच्छादन पर पर एक अतिरिक्त रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्रत्येक दशा में स्थापित करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी भूखण्ड स्वामी की होगी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित न किये जाने की स्थिति में मानचित्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
8. यदि भूमि संबंधी किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है, तो जिला पंचायत, सीतापुर इसका उत्तरदायी नहीं होगा तथा उक्त मानचित्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
9. शासन के पत्र सं0 1422(1) / 33–2–2019–152 / 2019 दिनॉक 29.05.2018 के अनुक्रम में उपरोक्त मानचित्र का उत्तर प्रदेश रियल स्टेट रेग्यूलेटरी अथारिटी में रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य है। कृपया तद्नुसार अनुपालन करना सुनिश्चित करें।
10. उपविधि, नियमों एवॅ शर्तों के अधीन अनुज्ञा जारी होने के दिनॉक से तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध एवॅ मान्य होगी।

अभियन्ता,
जिला पंचायत, सीतापुर।

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, सीतापुर।

# कार्यालय जिला पंचायत, सीतापुर।

पत्रॉकः — 116 / मानचित्र / जि0पं0 / 2020–21 दिनॉकः 24/12/2020

श्रम प्रवर्तन अधिकारी,
जिला सीतापुर।

आर0ए0वी0 ग्लोबल सोल्यूसन्स प्रा0लि0, 719 / ए तथा बी, 721 / ए तथा बी, सातॅवी मंजिल, साइबर हाइट्स, इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान के सामने, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ 226010 (उ0प्र0) भारत के डायरेक्टर श्री विक्रम सिंह शिशौदिया पुत्र श्री यशवीर सिंह शिशौदिया निवासी दौलतपुर ढीकरी, धौलाना, गाजियाबाद, उ0प्र0 245301 के द्वारा ग्राम भैरमपुर, तहसील मिश्रिख, जिला–सीतापुर में स्थित गाटा सं0 1166क तथा 1226 / 2 पर व्यवसायिक भवन प्रस्तावित एक रिसोर्ट, रिवर कैसल (River castle) का निर्माण कराने हेतु जिला पंचायत, सीतापुर में मानचित्र स्वीकृत करने हेतु प्रस्तुत किया गया। जिसकी निर्माण लागत का ऑगणन कुल लागत 913.40 लाख रूपये का प्रस्तुत किया गया है।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी, के पत्रॉक 944–45 / का0श्र0प्र0अ0 / सीतापुर–सेस दिनॉक 03.10.2016 के क्रम में प्रस्तुत निर्माण लागत के ऑगणन के सापेक्ष 01 प्रतिशत सेस की फीस मु0 9,13,400.00 रूपये होती है। जिसे आर0ए0वी0 ग्लोबल सोल्यूसन्स प्रा0लि0, 719 / ए तथा बी, 721 / ए तथा बी, सातॅवी मंजिल, साइबर हाइट्स, इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान के सामने, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ 226010 (उ0प्र0) भारत के डायरेक्टर श्री विक्रम सिंह शिशौदिया पुत्र श्री यशवीर सिंह शिशौदिया निवासी दौलतपुर ढीकरी, धौलाना, गाजियाबाद, उ0प्र0 245301 उपरोक्त के द्वारा मु0 9,13,400.00 रूपये धनराशि की बैंक ड्राफ्ट सं0 510058 दिनॉक 24.12.2020 के माध्यम से आपके कार्यालय में प्रेषित की जा रही है।

अतएव कृपया तद्नुसार मु0 9,13,400.00 रूपये सेस की धनराशि को ''सचिव उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड'' के पक्ष में जमा कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः बैंक ड्राफ्ट सं0 510058 दिनॉक 24.12.2020 मु0 9,13,400.00 रूपये धनराशि का मूलरूप में।

भवदीय,

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, सीतापुर।

पृ0सं0 व दिनॉकः उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः आर0ए0वी0 ग्लोबल सोल्यूसन्स प्रा0लि0, 719 / ए तथा बी, 721 / ए तथा बी, सातॅवी मंजिल, साइबर हाइट्स, इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान के सामने, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ 226010 (उ0प्र0) भारत के डायरेक्टर श्री विक्रम सिंह शिशौदिया पुत्र श्री यशवीर सिंह शिशौदिया निवासी दौलतपुर ढीकरी, धौलाना, गाजियाबाद, उ0प्र0 245301 को सूचनार्थ प्रेषित।

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, सीतापुर।